NHSRCL
National High Speed Rail Corporation Ltd.

RAJASTHAN PATRIKA, Ahmadabad, 3.3.2020
Page No. 2, Size:(20.50)cms X (9.45)cms.

दिसम्बर तक बनेगी हाई स्पीड रेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट

टेक्नोलॉजी और कुशल बनाने का दिया जाएगा प्रशिक्षण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

गांधीनगर. वडोदरा में हाई स्पीड रेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट का निर्माण जारी है जो इस वर्ष दिसम्बर तक प्रारंभ हो जाएगा। इस संस्थान में नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

वडोदरा में नेशनल एकेडमी ऑफ इंडिया रेलवेज (एनएआईआर) के निकट ही हाई स्पीड रेल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट स्थापित किया जा रहा है। नेशनल हाईस्पीड के सभी कर्मचारियों को यहां पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। यहां इस वर्ष दिसम्बर तक कार्य प्रारंभ हो सकता है।

भविष्य में भारत में अन्य हाई स्पीड कॉरिडोर को विकसित करने के लिए यह संस्थान एक रीढ बनेगी। इस संस्थान में रोलिंग स्टाफ, सिविल एवं ट्रेक मैन्टेनेन्स, इलेक्ट्रिकल, सिग्नल एवं टेली कम्युनिकेशन एवं ट्रेन क्रू समेत 3500 कर्मचारियों को इस संस्थान में प्रशिक्षित किया जाएगा। यहां अत्याधुनिक सुविधाओं वाले बारह कमरे होंगे। तीन बहुद्देश्यीय रूम होंगे। तीन प्रेक्टिस रूम और दो स्टोरेज रूम होंगे। 250 व्यक्तियों की क्षमता वाला एक ऑडिटोरियम भी होगा। इस संस्थान में प्रशिक्षुओं को भोजन की सुविधा भी मुहैया कराई जाएगी।

क्लास रूम और लैब आधारित इस संस्थान में अत्याधुनिक, स्मार्ट, डिजिटल तरीके से प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं ड्राइवर व ऑपरेशन कंट्रोल सेन्टर स्टाफ को सिमुलेटर आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं सोशल ट्रेनिंग मॉड्यूल्स तैयार किए गए हैं, जिसमें फोलोअप, ब्रेशअप, ट्रेनिंग, ड्युअल ट्रेड ट्रेनिंग, संरक्षण, इमरजेन्सी रिस्पॉन्स ट्रेनिंग, कस्टमर केयर एवं सॉफ्ट स्कीम प्रशिक्षण दिए जाएंगे। वहीं जापान में ऑपरेशन एवं रखरखाव से संबंधित कार्यों का 360 कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

करीब छह सौ करोड़ रुपए की लागत से यह प्रशिक्षण संस्थान तैयार होगा। नेशनल एकेडमी ऑफ इंडिया रेलवेज में ही पांच हेक्टेयर भूमि यह संस्थान बनकर तैयार होगा।